


भारत और इंग्लैंड दोनों की 39 मैचों में 269 रेटिंग

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बयान के अनुसार पाकिस्तान (रेटिंग 266), न्यूजीलैंड (255) और दक्षिण अफ्रीका (253) शीर्ष पांच में शामिल हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया (249) श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला में 4–1 से जीत के बाद छठे स्थान पर बना हुआ है। भारत और इंग्लैंड दोनों की 39 मैचों में 269 रेटिंग है लेकिन भारत के 10,484 अंक हैं जो कि इंग्लैंड (10474) से 10 अधिक हैं।

## आईसीसी टी20 रैंकिंग में टॉप पर पहुंचा भारत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में 3–0 से क्लीन स्वीप करने से भारत सोमवार को आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गया। भारत ने कोलकाता में रविवार को तीसरे और अंतिम टी20 मैच में वेस्टइंडीज को 17 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप किया। इस शानदार प्रदर्शन से भारत टी20 टीम रैंकिंग में इंग्लैंड को शीर्ष से हटाने में सफल रहा। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम की भी इंग्लैंड के बराबर 269 रेटिंग है।

भारत ने सूर्यकुमार यादव की तेज अर्धशतकीय पारी और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रविवार को तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में वेस्टइंडीज को हराया। इसके साथ ही भारतीय टीम टी20 आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गयी। भारत ने बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद सूर्यकुमार यादव के 65 रन और वेंकटेश अय्यर (नाबाद 35 रन) के साथ चौथे विकेट के लिये 37 गेंद में 91 रन की साझेदारी की मदद से पांच विकेट पर 184 रन बनाए।

# ऋद्धिमान साहा मामले के बाद फुल ऐक्शन में बीसीसीआई

क्रिकेट

## दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का भरोसा, गांगुली पर भी सवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। सीनियर विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा के हाल ही में दिए गए इंटरव्यू के बाद विवाद शुरू हुआ था। इसके बाद उनका एक पत्रकार द्वारा भेजा अपमानजनक वॉट्सऐप मेसेज सार्वजनिक होने के बाद इस विवाद में इजाफा हुआ। अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड इस पूरे मामले की जांच करवाना चाहता है। एक महत्त्वपूर्ण सूत्र ने बताया, इस मसले को यूं ही नहीं छोड़ा जा सकता जब तक इंटरव्यू में साहा की कही गई बात और ट्वीट से जुड़े हर पहलू की पूरी जांच नहीं हो जाती।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड इस मामले की गहराई से जांच कर यह जानना चाहता है कि कहीं किसी अन्य क्रिकेटर को तो इस तरह के अनुभव से नहीं गुजरना पड़ा। इस मामले को करीब से देख रहे अधिकारियों ने कहा, साहा बीसीसीआई




के एक अनुबंधित खिलाड़ी हैं। यह बोर्ड की जिम्मेदारी हैं कि उनके खिलाड़ियों को नीचा न देखना पड़े। इस बात को न भी देखें तो यह भी समझना जरूरी है कि क्या किसी तरह का कोई गिरोह काम कर रहा है, इस पर भी नजर रखनी जरूरी है।

साहा ने कहा, सबसे हैरानी की बात यह है कि जब मैंने न्यूजीलैंड के खिलाफ कानपुर में चोटिल होने के बावजूद 61 रन की पारी खेली थी तब दादी (बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली को इसी नाम से जाना जाता है) ने मुझे मेसेज करके बधाई दी और कहा कि जब तक वह यहां हैं तब तक मुझे चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। इस सीरीज के फौरन बाद मुझे जो कहा गया वह मेरे लिए किसी झटके से कम नहीं था। बीसीसीआई के अधिकारी अब यह भी जानना चाहते हैं कि आखिर गांगुली ने किस अधिकार से साहा को यह आश्वासन दिया था।

मामले को करीब से देख रहे सूत्रों का कहना है, पहले विराट का विवाद हुआ, इसके बाद यह सब। इसके बाद साहा ने किसी पत्रकार ने मिले मेसेज का स्क्रीनशॉट साझा किया। यह सब क्या बवाल हो रहा है? बोर्ड को अब ऐक्शन लेना होगा क्योंकि अब काफी हो गया।

स्क्रीनशॉट में लिखा था, उन्होंने वह एक विकेटकीपर चुना, जो सर्वश्रेष्ठ था। तुमने 11 पत्रकार चुना जो मेरे हिसाब से सर्वश्रेष्ठ नहीं थे। उसे चुनो जो तुम्हें सबसे ज्यादा मदद कर सके। इस स्क्रीनशॉट में आगे था, श्तुमने फोन नहीं किया। मैं दोबारा तुम्हारा कभी इंटरव्यू नहीं लूंगा। इस अपमान को हल्के में नहीं लूंगा। और मैं इसे याद रखूंगा। तुम्हें यह सब नहीं करना चाहिए था।

कई सीनियर क्रिकेटर्स जैसे वीरेंद्र सहवाग, हरभजन सिंह, आरपी सिंह, आकाश चोपड़ा और यहां तक टीम इंडिया के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने भी साहा का सपोर्ट किया है।

## भारत के 16 साल के ग्रैंड मास्टर ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी को दी शह और मात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चेन्नई। भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रगाननंदा ने ऑनलाइन रैपिड शतरंज टूर्नामेंट एयरथिंग्स मास्टर्स के आठवें दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन को हराकर बड़ा उलटफेर किया। प्रगाननंदा ने सोमवार की सुबह खेली गई बाजी में काले मोहरों से खेलते हुए कार्लसन को 39 चाल में हराया। उन्होंने इस तरह से कार्लसन के विजय अभियान पर भी रोक लगाई जिन्होंने इससे पहले लगातार तीन बाजियां जीती थीं।

भारतीय ग्रैंडमास्टर के इस जीत से आठ अंक हो गए हैं और वह आठवें दौर के बाद संयुक्त 12वें स्थान पर हैं। पिछले दौर की बाजियों में अपेक्षित



प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले प्रगाननंदा की कार्लसन पर जीत अप्रत्याशित रही। उन्होंने इससे पहले केवल लेव आरोनियन के खिलाफ जीत दर्ज की थी।

इसके अलावा प्रगाननंदा ने दो बाजियां ड्रॉ खेलीं जबकि चार बाजियों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने अनीश गिरी और क्वांग लीम के खिलाफ बाजियां ड्रॉ कराईं थी जबकि एरिक हैनसेन, डिंग लिरेन, जॉन क्रिजस्टोफ डूडा और शखरियार मामेदयारोव से उन्हें हार झेलनी पड़ी थी।

कुछ महीने पहले नार्वे के कार्लसन से विश्व चैंपियनशिप का मुकाबला हारने वाले रूस के इयान नेपोमनियाच्ची 19 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। उनके बाद डिंग लिरेन और हैनसेन (दोनों 15 अंक) का नंबर आता है। एयरथिंग्स मास्टर्स में 16 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इसमें खिलाड़ी को जीत पर तीन अंक और ड्रा पर एक अंक मिलता है। प्रारंभिक चरण में अभी सात दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं।

## वेस्टइंडीज को अपमानित महसूस नहीं करना चाहिए: पोलार्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। वेस्टइंडीज को टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला में 0–3 से करारी हार का सामना करना पड़ा लेकिन कैरेबियाई कप्तान कीरोन पोलार्ड ने कहा कि उनकी टीम को अपमानित महसूस नहीं करना चाहिए क्योंकि भारत के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में स्कोर लाइन उनकी टीम के जुझारूपन का संकेत नहीं है। सूर्यकुमार यादव की आक्रामक 65 रन की मदद से भारत ने वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 मैच में 17 रनसे हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। पोलार्ड ने मैच के बाद वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हां हम 3–0 से हार गये लेकिन खिलाड़ियों ने जुझारूपन दिखाया। मुझे नहीं लगता हमें अपमानित महसूस करना चाहिए। हम हार से खुश नहीं हैं। हम मैच जीतने की कोशिश कर रहे हैं।''वेस्टइंडीज के पास दूसरे टी20 मैच में जीत का बहुत अच्छा मौका था जब रोवमैन पावेल और निकोलस पूरन ने आक्रामक अर्धशतक जमाये थे। भारत ने हालांकि भुवनेश्वर कुमार की शानदार गेंदबाजी से वापसी की और आठ रन से जीत दर्ज की।

## न्यूज डायरी




## अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा की वापसी अब लगभग नामुमकिन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा का मानना है कि अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा का टेस्ट करियर अब लगभग खत्म हो चुका है। इन दोनों बल्लेबाजों को श्रीलंका के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज से ड्रॉप कर दिया गया है। ये दोनों खिलाड़ी बीते कुछ वक्त से खराब फॉर्म से जूझ रहे थे। इसके बाद चयनकर्ताओं ने श्रीलंका के खिलाफ सीरीज से इन्हें ड्रॉप कर दिया था। इस फैसले के बारे में बताते हुए मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा ने कहा था कि घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर, ये दोनों खिलाड़ी अब भी राष्ट्रीय टीम में वापसी कर सकते हैं। जडेजा हालांकि इस बात से बहुत ज्यादा इत्तेफाक नहीं रखते। उनकी नजर में यह लगभग असंभव है। इन दोनों अनुभवी बल्लेबाजों के भविष्य पर बात करते हुए जडेजा ने कहा कि ये दोनों सिर्फ एक फॉर्मेट खेलते हैं और ऐसे में उनके लिए वापसी मुश्किल है। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज ने कहा, दोनों खिलाड़ी सिर्फ एक ही फॉर्मेट खेलते हैं।

## साहा की टिप्पणी से आहत नहीं हूं, वह स्पष्टता का हकदार था: द्रविड़

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ इस बात से आहत नहीं हैं कि ऋद्धिमान साहा ने अपने भविष्य को लेकर उन दोनों के बीच हुई बातचीत का खुलासा कर दिया क्योंकि उनका मानना है कि यह अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज 'सच्चाई और स्पष्टता' का हकदार था। साहा को हाल में भारतीय टीम की तरफ से खेलने का मौका नहीं मिला। उन्होंने मीडिया से कहा कि पिछले महीने साउथ अफ्रीका सीरीज के बाद द्रविड़ ने उन्हें आपसी बातचीत में संन्यास लेने पर विचार करने की सलाह दी थी। द्रविड़ ने कहा कि साहा से बात करने के पीछे उनका इरादा यह सुनिश्चित करना था कि उन्हें यह स्पष्ट तौर पर पता हो कि टीम में उनकी स्थिति क्या है और उन्हें इसका पछतावा नहीं है। द्रविड़ ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में भारत की 3–0 से जीत के बाद कहा, 'मैं वास्तव में आहत नहीं हूं। मैं साहा तथा भारतीय क्रिकेट में उनकी उपलब्धियों और योगदान का बहुत सम्मान करता हूं।

## रोहित ने कहा कि वह टीम को मुश्किल हालात से निकलते देख अच्छा लगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल में 3–0 से शानदार क्लीन स्वीप करने के बाद भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार को कहा कि वह परिणाम से बहुत खुश हैं और नए खिलाड़ियों को टीम को संकट से निकालते देखकर अच्छा लगा। ईडन गार्डन्स में तीन मैचों की सीरीज में सूर्यकुमार यादव (31 में 65 रन) और वेंकटेश अय्यर की आक्रामक पारी खेली। उनकी गेंदबाजी की बदौलत भारत ने वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 में 17 रन से हराकर 3–0 से क्लीन स्वीप किया। शर्मा ने मैच प्रजेंटेशन के दौरान कहा, मैं सीरीज जीत से खुश हूं। हमें वह सब कुछ मिला जो हम चाहते थे। हम समझते हैं कि हम एक टीम के रूप में बहुत युवा हैं। हम अभी भी एक अच्छी पीछा करने वाली टीम हैं, लेकिन बहुत सारे खिलाड़ी गायब हैं। इसलिए हम चाहते थे कि लोग समझें कि कैसे दबाव की स्थिति में बल्लेबाजी करनी पड़ी।

## आईपीएल से बीसीसीआई को होने वाली है 500 अरब रुपये की कमाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) के सचिव जय शाह ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के मीडिया अधिकार की राशि लीग के विकास पर असर डालेगी। खासकर दो नई टीमों के आने से आइपीएल के डिजिटल विकास में भी मदद मिलेगी। आइपीएल 2022 में लखनऊ सुपरजाइंट्स और गुजरात टाइटंस दो नई टीमें खेलेंगी। शाह ने कहा कि आइपीएल के आकांक्षी मूल्य ने सभी की अपेक्षाओं को पार कर लिया है। उन्होंने किसी भी राशि पर चर्चा करने से इन्कार किया, लेकिन कहा कि जो भी राशि होगी वह लीग के विकास पर असर डालेगी।